Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to bring back the belongings of Shaheed Udham Singh from England.

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर): माननीय अध्यक्ष जी, जलियां वाला बाग मेसाकर को इस साल 100 साल पूरे हुए हैं । उस हत्याकांड में हजारों लोग शहीद हुए, जख्मी हुए । शहीद ऊधम सिंह जी की शहीदी को 80 साल पूरे होने जा रहे हैं । ऊधम सिंह जी ने 21 साल इंकलाब की ज्वाला को अपने अंदर जलाए रखा था । उन्होंने वर्ष 1919 में लैफ्टिनेंट गवर्नर डायर को लंदन में मारकर जलियां वाले बाग हत्याकांड का बदला लिया था और अंग्रेज सरकार ने उनको लंदन में फांसी दी थी । वर्ष 1974 में माननीय इंदिरा जी की सरकार थी, तब सरदार ऊधम सिंह जी की अस्थियों को भारत लाया गया था । ऊधम सिंह जी का गांव सनाम में अंतिम संस्कार किया गया था और कुछ अस्थियां जलियां वाला बाग में रखी गई थीं । आज भी सरदार ऊधम सिंह जी के बिलोंगिंग्स जैसे नाइफ, रिवाल्वर, डायरी और अन्य चीजें लंदन में पुलिस के कब्जे में हैं । अभी पंजाब सरकार ने सनाम में मेमोरियल बनाना शुरू किया है ।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि सरदार ऊधम सिंह जी के जो बिलोंगिंग्स लंदन में हैं, उनको भारत लाया जाए और उस मेमोरियल में रखा जाए । उनकी शहीदी के 80 साल पूरे हो रहे हैं, इस अवसर पर भारत में कोने-कोने में प्रोग्राम ऑर्गेनाइज किए जाएं ताकि हमारी युवा पीढ़ी उस वक्त के नौजवानों की शहादत और देशप्रेम के बारे में जान सके ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी ने नोट कर लिया है ।

डॉ. संजय जायसवाल और श्री मलूक नागर को श्री संतोख सिंह चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।